E-mail- srskjggcj@rocketmail.com फोन /फैक्स 02973–225459
कार्यालय प्राचार्य, श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर (राज.)–343001

क्रमांकः– राममजा/रा.से.यो./2023/ दिनांक :–

प्रेषितिः–

समन्वयक,
युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ,
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,
जयपुर

विषयः– त्रैमासिक एवं वार्षिक प्रतिवेदन भेजने के क्रम में।

मान्यवर,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन हैं कि इस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से संबधित त्रैमासिक प्रतिवेदन (जनवरी से मार्च **2023**) प्रपत्र 3 एवं 4 तथा वार्षिक प्रतिवेदन (जुलाई 2022 से मार्च **2023** तक) संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्न :–प्रपत्र 3, 4 एवं वार्षिक प्रतिवेदन

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

क्रमांकः– राममजा/रा.से.यो./2023/ 76 – 77 दिनांक :– 13/05/2023

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान समन्वयक, युवा कौशल विकास प्रकोष्ठ, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर
2. श्रीमान सहायक कार्यक्रम सलाहकार (एन.एस.एस.) प्रादेशिक केन्द्र बी.–07 देव नगर, टोंक रोड़ जयपुर।

कार्यक्रम अधिकारी

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

राष्ट्रीय सेवा योजना
(सत्र 2022–23 वार्षिक प्रतिवेदन)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई कार्यरत हैं। जियमें 112 स्वयंसेविकाएं हैं। इस इकाई ने सत्र 2022–23 में महाविद्यालय एवं गोद लिये गये गांव (मालनाथ की ढाणी) में वर्ष पर्यन्त कई कार्यक्रम किये जिनका सविस्तार पूर्वक विवरण निम्नांकित हैं–

अप्रेल 2022 :–

1. दिनांक 13.04.2022 को राजस्थान सरकार की जन घोषणा कियान्विति एवं निरोगी राजस्थान अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त राजस्थान 100 दिवसीय कार्य योजना के अन्तर्गत तम्बाकू एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत डॉ. नैनमल परमार कैंसर विशेषज्ञ ने नशा से होने वाली बीमारियों एवं महिलाओं में कैंसर बच्चेदानी में कैंसर, स्तन कैंसर, बाँझपन, ब्रेन कैंसर, बल्ड कैंसर एवं मुख कैंसर आदि के बारे में सविस्तार व्याख्या की।
2. दिनांक 26.04.2022 को राजस्थान सरकार की जन घोषणा कियान्विति एवं निरोगी राजस्थान अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त राजस्थान 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं को तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ महाविद्यालय के श्री मोहम्मद इरफान ने दिलायी।

मई 2022 :–

1. दिनांक 31.05.2022 को विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर राजस्थान सरकार की जन घोषणा कियान्विति एवं निरोगी राजस्थान अभियान के तहत तम्बाकू मुक्त राजस्थान 100 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

जून 2022 :–

1. दिनांक 05.06.2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में भारतीय स्टेट बैंक, जालोर के सहयोग से पौधे लगाये एवं पेड पौधों के थाले एव पक्षियों के परिंडे लगाये गये।
2. दिनांक 17.06.2022 को स्वास्थ्य एवं योग विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता श्री शिवदत्त आर्य ने योग के बारे में सविस्तार व्याख्या की एवं लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए योग को अनिवार्य बताया।
3. दिनांक 21.06.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

जुलाई 2022 :–

1. नवीन छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना से जोडने के लिए प्रेरित किया एवं इनके पंजीकरण हेतु प्रोत्साहित किया। इसके लिए नोटिस बोर्ड पर सूचना लगाई गई।
2. हरित राजस्थान सप्ताह के तहत महाविद्यालय में पौधा रोपण किया।
3. पर्यावरण मित्र के तहत स्वयंसेविकाओं को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आग्रह किया।
4. जल संरक्षण हेतु स्वयंसेविकाओं को अपने घर में एवं गांव में बरसात के पानी को संग्रहण करने का आह्वान किया।

CamScanner

5. जनसंख्या नियंत्रण हेतु महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया।
6. बेरोजगारी की समस्या के निराकरण हेतु स्वरोजगार, हस्तशील्प उद्योग एवं कुटीर उद्योगो को बढावा देने का आह्वान किया।
7. दिनांक 16.07.2022 को पौधा रोपण कार्यकम आयोजित किया गया। जिसमें 200 छायाद्वारा पौधे, औषधिय पौधे एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।

अगस्त 2022 :–

1. दिनांक 12.08.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की एवं आधुनिक भारत के महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। इसके साथ महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली। जिसमे छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया।
2. राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण सप्ताह का आयोजन किया।
3. स्वाधीनता दिवस मनाया।
4. सदभावना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया।
5. अभिविन्यास कार्यकम के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के उदेश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी।
6. जनसंख्या एवं परिवार कल्याण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
7. महाविद्यालय को पोलिथिन मुक्त परिसर के लिए पोलिथिन का निस्तारण किया।
8. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन हेतु इकाई का गठन किया।
9. बाल विवाह प्रथा की रोकथाम हेतु गोष्ठी का अयोजन किया एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया।

सितम्बर 2022 :–

1. दिनांक 05.09.2022 को शिक्षक दिवस मनाया।
2. सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया। जिसमें हेलमेट लगाकर दुपहिया वाहन चलाने का जोर दिया।
3. दिनांक 14.09.2022 को हिन्दी दिवस मनाया गया। जिसमें प्रतियोगिता आयोजित की जिसका शीर्षक ''विश्व पटल पर हिन्दी भाषा के बढते कदम'' एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।
4. दिनांक 24.09.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना का दिवस मनाया गया एवं 53 वां वर्षगाठ मनायी।

अक्टूबर 2022 :–

1. दिनांक 02.10.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया। गांधीजी का माल्यार्पण कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। महात्मा गांधीजी के जीवन से जुड़े एवं स्वरचित गीत एवं भजनों का सामूहिक गान किया गया।
2. दिनांक 07.10.2022 को गोद ली गयी बस्ती मालनाथ की ढाणी में शिक्षा के प्रति जागरूकता इससे संबंधित आयोजित किया और नशा मुक्ति का संदेश दिया।
3. दिनांक 08.10.2022 महात्मा गांधी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें महाविद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया।

CamScanner

4. दिनांक 10.10.2022 धूम्रपान निषेध एवं क्षय रोग विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें मुख्य वक्ता श्री श्रवण कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा क्षय पर्यवेक्षक, जालोर ने धूम्रपान एवं तम्बाकू से होने वाली विभिन्न गंभीर बिमारियों के कारण एवं परिणामों की सविस्तार व्याख्या की।
5. दिनांक 11.10.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. वगताराम चौधरी ने बताया कि बालिकाओं के संर्वागिण विकास के लिए शिक्षा ही महत्वपूर्ण कडी।
6. दिनांक 12.10.2022 को ''लैंगिक समानता'' विषय पर बजट अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा यूनिसेफ के सहयोग द्वारा आमुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
7. दिनांक 17.10.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया।
8. दिनांक 17.10.2022 को स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के तहत महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक की थैलियां, प्लास्टिक का कचरा, प्लास्टिक की खाली बोतले आदि का निस्तारण करके प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाया गया।
9. दिनांक 31.10.2022 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

नवम्बर 2022 :–

1. दिनांक 12.11.2022 को छात्राओं ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राजस्थान द्वारा राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज जोधपुर में आई.टी. रोजगार मेला में भाग लिया।
2. दिनांक 14.11.2022 को बाल दिवस के रुप में मनाया गया।
3. दिनांक 19.11.2022 को नेशनल केरियर सर्विस की मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें मुख्यवक्ता श्री ललित कुमार शर्मा, जिला रोजगार कार्यालय, जालोर एवं श्रम व रोजगार मंत्रालय ने महाविद्यालय छात्राओं नेशनल सर्विस पर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी दी गई।
4. दिनांक 22.11.2022 को परम्पिता ब्रह्मकुमारी राजयोग केन्द्र जालोर द्वारा सुरक्षित भारत सडक सुरक्षा मोटर साईकिल यात्रा दिवस पर व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें सुरक्षित यातायात पर बल दिया एवं दुपहिया वाहन चालको को हेलमेट अनिवार्यता पर जोर दिया।
5. संविधान सप्ताह मनाने के क्रम में दिनांक 26.11.2022 को संविधान दिवस मनाया गया। जिसमे महाविद्यालय के शिक्षकों, मंत्रालयिक कर्मचारी एवं स्वयंसेविकाओं ने संविधान की प्रस्तावना एवं संविधान में उल्लेखित मूल कर्तव्यों की शपथ ली। सहा. आचार्य राजनीति विज्ञान के श्री धमेन्द्र सुन्देशा ने संविधान पर प्रकाश डाला।

दिसम्बर 2022 :–

1. दिनांक 10.12.2022 को मानवाधिकार दिवस मनाया गया। जिसमे मुख्य वक्ता अधिवक्ता श्री समीर खोखर ने मानवाधिकार पर विस्तृत जानकारी दी।
2. दिनांक 11.12.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया।
3. दिनांक 21.12.2022 से 27.12.2022 तक सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

CamScanner

जनवरी 2023 :–

1. दिनांक 12.01.2023 को स्वामी विवेकानंद जयन्ति मनायी गई।
2. दिनांक 13.01.2023 को मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर वर्षा सोलंकी, द्वितीय स्थान पर लता कुमारी एवं तृतीय स्थान पर पुजा कुमारी रही। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निशा राव, समीना अख्तर एवं प्रियंका सुथार का ग्रुप रहा, द्वितीय स्थान पर खुशबु कुमार एवं दीपु कुमारी का ग्रुप रहा एवं तृतीय स्थान पर भावना कुमारी व जोशना कुमारी का ग्रुप रहा। केश सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रियंका कुमारी, दीपु कुमारी, द्वितीय स्थान पर चन्द्रिका कुमारी व मीरा कुमारी तथा तृतीय स्थान पर ममता कुमारी, जशोदा कुमारी व निशा राव रही।
3. दिनांक 14.01.2023 को एकल गान एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 23.01.2023 को सुभाषचन्द्र बोस के जन्मदिवस को "पराक्रम दिवस" के रुप में मनाया गया।
5. दिनांक 24.01.2023 को "राष्ट्रीय बालिका दिवस" मनाया गया।

फरवरी 2023 :–

1. राष्ट्रीय युवा सप्ताह मनाया।
2. जालोर महोत्सव 2023 के तहत आयोजित कैरियर गाइडेंस से संबंधित कार्यशाला तथा विभिन्न कार्यक्रमों में स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।
3. आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।

4- My Vote is my future Power of One vote विषय पर वोटर हेल्प लाईन एप्प पर अधिक से अधिक नवीन पंजीयन कराने का आहवान किया।

मार्च 2023 :–

1. दिनांक 12.03.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना को एक दिवसीय शिविर आयोजित किया।
2. दिनांक 15.03.2023 को "विश्व उपभोक्ता दिवस" मनाया गया।

प्राचार्य

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

प्रभारी
एन.एस.एस.
Dr. Peepa Ram

श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर

राष्ट्रीय सेवा योजना
(सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट)

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां वर्ष भर आयोजित होती रहती है इसी के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर का भी आयोजन गत विगत वर्षों की भांति (दिनांक 21.12.2022 से 7.12.2022) तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जिसमें 50 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया जिसमें निम्नलिखित गतिविधियां आयोजित की गई–

1. 21.12.2022 को विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया ने किया। स्वयंसेविकाओं को व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों में भाग लेकर अपने आत्म विश्वास को बढाया जा सकता है और अपने लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके साथ ही डॉ. उज्जैनिया ने बताया कि जीवन में सही एवं गलत के बीच अन्तर की सीमाओं का ज्ञान होना अतिआवश्यक है। और संगती का असर, रहने का अनुशासन जीवन अपने कमजोरियों पर ध्यान देना आवश्यक है। साथ ही परिसर में श्रमदान, साफ–सफाई एवं पौधो को पानी देने का कार्य किया गया एवं स्वयंसेविकाओं ने समूह बनाकर बरामदे, हॉल, कक्षा–कक्षों की साफ–सफाई की तथा बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की।
2. 22.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन रोजगार के नये आयाम विषय पर श्री प्रताप सिंह, इडोब्रीड लरनींग प्रा. लि. ने स्वयं सेविकाओं को रोजगार के नये नये अवसरों के बारे मे बताया एवं वर्क फार्म होम एण्ड ब्रांच, ऑफिस, ऑनलाईन और ऑफ लाईन रोजगारों के बारे मे सविस्तार व्याख्यान दिया जिसमें स्नातक के बाद विभिन्न प्रकार के रोजगार प्राप्त किये जा सकते है। जिसमें प्रमाण पत्र और ट्रेनिंग पूर्ण होने पर रोजगार प्रदान करने का आश्वासन दिया। मुख्य द्वार पर झाडु लगाकर सफाई की। पोलीथीन थैलिया एवं कचरा एवं कटीली झाडियों की कटाई की। स्वयंसेविकाओं ने गोद ली बस्ती मालनाथ की ढाणी में जाकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया एवं नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया।
3. 23.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन श्री आदिनाथ फतेह ग्लोबल आंई हॉस्पीटल, जालोर की टीम ने महाविद्यालय की 50 स्वयं सेविकाओं का नेत्र जांच की। जिन में से पात्र छात्राओं को निःशुल्क ऐनक का वितरण किया जाएगा। जिसमें डॉ. गजाला जी नेत्र विशेषज्ञ ने छात्राओं आंखों की जांच की एवं आंखो की देखभाल के लिए परामर्श दिया। इस टीम मे श्री नरपत लाल एवं श्री नरेन्द्र पाल सिंह नेत्र जांचकर्ता भी शामिल थे। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में पेड पौधो के थाले बनाये एवं परिसर की साफ सफाई की।
4. 24.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन ग्रेनाईट एसोशिएशन के सचिव श्री सत्तुराज राजपुरोहित ने ऐतिहासिक ग्रेनाईट नगरी जालोर की पृष्ठभूमि, ग्रेनाईट का राष्ट्रीय से लेकर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ग्रेनाइट के प्रकार और गुणवत्ता आदि के बारे मे हो रहे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधडी से सावधान रहने, ऑनलाईन लेनदेन, ऑनलाईन कय–विकय करने पर सावधानी बरतने की सलाह दी साथ ही कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति

CamScanner

सावधानी बरतने की सलाह दी साथ ही कहा कि उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की ताकि आपके साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो। इसी कम में हैड कॉस्टेबल श्री ओटाराम ने यातायात के नियमों की जानकारी दी।

5. 25.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन डॉ. सारिका चौपड़ा, स्त्री रोग विशेषज्ञ जगदम्बा हॉस्पीटल, जालोर ने बालिका एवं महिलाओं के पोषण एवं महिलाओं से जुड़ी समंस्याओं के निराकरण विषय पर अपना उद्बोधन दिया। जिसमें बताया कि बालिकाओं में हारमोन बदलने के कारण शारीरिक एवं मानसिक बदलाव के कारण चिडचिड़ापन, गुस्सा, खुन की कमी, भूख में कमी आदि की समस्याओं के निराकरण के लिए डॉ. चौपड़ा ने स्वयंसेविकाओं को परामर्श दिया कि पौष्टिक आहार ग्रहण करने के साथ–साथ हिमोग्लोबिन की कमी को पुरा करने लिए आयरन युक्त भोजन, दूध, डार्क चॉकलेट, प्रोटीन युक्त दाले, माँस, मछली, अण्डे सेवन से इनकी पूर्ति की जा सकती है।
6. 26.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन डॉ. प्रकाश यादव, कृषि विज्ञान केन्द्र, केशवना ने "जैव विविधता एवं मधुमक्खी महत्व" के संदर्भ में व्याख्यान दिया। जिसमें डॉ. यादव ने बताया कि मधुमक्खी एवं किडे मकोडे हमारे जीवन में अति महत्वपूर्ण उपयोगी है। बिना मधुमक्खी के संसार में सभी जीव जन्तू 04 साल से ज्यादा जीवित नहीं रह सकते। अतः इनका संरक्षण करना अति महत्वपूर्ण है। इसी कडी में डॉ. नितेश शर्मा ने "ग्रामीण स्वरोजगार" पर व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार के विविध आयाम उपलब्ध है। जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है
7. 27.12.2022 सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन विशेष शिविर का समापन एवं सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालोर नागरिक सहकारी बैंक के चेयर मैन श्री मोहन पराशर एवं विशिष्ट अतिथि बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ज्ञानी राठौड़ एंवं रोटरी क्लब जालोर के चैयरमैन श्रीमती सपना बजाज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जलन के साथ हुआ तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. पीपाराम नें सात दिनों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता, लिखित मौखिक आशुभाषण एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मोहन पराशर प्रेरणादायक उद्बोधन देते हुए कहा कि आप इस शिविर में प्रेरणा लेकर समाजहित एवं देशहित में सेवा के कार्य करें उन्होंने पर बल देते हुए कहा कि आपको कम्प्यूटर, अच्छा संप्रेषण एवं आत्मविश्वास पर बल देना चाहिए। इस अवसर पर श्रीमती ज्ञानी राठौड़ एवं सपना बजाज ने भी अपना उदबोधन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़ द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी
Dr. Pepakam

प्राचार्य

प्राचार्य
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय, जालोर